सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-471
02/10/2017

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बाहदुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया गया

पटना, 02 अक्टूबर 2017 :– भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बाहदुर शास्त्री की जयंती आज राज्य में पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर साम्प्रदायिक, प्रान्तीय और भाषाई संघर्ष जो राष्ट्रीय एकता को कमजोर करते है से दूर रहते हुये राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सपुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती–पूजन एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******